**खबर संक्षेप**

### ग्राम पंचायत खैरी एवं पड़रिया में सार्वजनिक स्थलों में पीने के पानी की कोई व्यवस्था नही

**'नारायणगंज।** बस स्टैंड नारायणगंज एवं कई सार्वजनिक स्थलों पर भीषण गर्मी के कारण लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है बस स्टैंड में पीने की पानी के लिए एक मात्र हैंडपंप है जिसमें लोग अपनी प्यास बुझा रहे हैं बस स्टैंड नारायणगंज में आसपास क्षेत्र के लोग आते हैं 24 घंटे भीड़ रहती है परंतु इस भीषण गर्मी में पंचायत द्वारा किसी प्रकार की कोई व्यवस्था नहीं की गई जिससे लोगों को पीने के पानी के लिए पानी की बोतल या अन्य जगहों पर जाकर पानी की व्यवस्था करते हैं इस बस स्टैंड में कम से कम 50 से 60 बसे गाड़ियों का रोज आना जाना रहता है यात्रियों को पीने के पानी के लिए बड़ी परेशानी की सामना करना पड़ता है बस स्टैंड में करीबन 100 से ऊपर ऑटो जो की अन्य गमीण क्षेत्रों से लोग यहां आते हैं एवं आसपास के क्षेत्र से लोग अपने वाहनो में बस स्टैंड आकर मार्केट में खरीदी करने जाते हैं परंतु यहां पर पानी की व्यवस्था न होने का कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है शीघ्र ही पीने के पानी की व्यवस्था की उम्मीद की जा रही है इसी तरह ग्राम पंचायत खैरी में अनेको स्थलों में कहीं पर भी पीने के पानी के लिए मैचों का इंतजाम नहीं किया जा रहा है।

### नेशनल लोक अदालत में बकाया सम्पत्ति कर एवं जलकर की राशि जमा करने पर अधिभार में मिलेंगी छूट

**सिवनी।** मुख्य नगरपालिका अधिकारी सिवनी ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार दिनांक 10/05/2025 को प्रातः 11.00 बजे से नेशनल लोक अदालत का आयोजन मानस भवन नगर पालिका कार्यालय के बाजू में किया जा रहा हैं। करदाताओं से अपील हैं, कि बकाया सम्पत्ति कर एवं जलकर की राशि जमाकर अधिभार (सरचार्ज) में नियमानुसार प्रदाय की जा रही छूट का लाभ प्राप्त कर सकते हैं । साथ ही जिन करदाताओं की तरफ रूपये 10,000 (दस हजार रूपये) से अधिक सम्पत्तिकर एवं अन्य करों की राशि बकाया होने पर तथा राशि नगर पालिका कोष में जमा ना करने पर बकायादारों के नाम स्थानीय समाचार पत्रों में तथा नगर के दृष्टिगोचर स्थानों पर प्रकाशित किये जावेगें ।

### पांजरा में श्रीमद् देवी भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ एवं ग्रामदेवी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आज से

**सिवनी/केवलारी।** विकासखंड केवलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत पांजरा में रविवार से श्री महादेवी भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ एवं नवनिर्मित मंदिर में ग्राम देवी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू हो रहा है। ग्रामवासियों ने बताया कि परम श्रद्धेय पूज्यापाद जगतगुरु शंकराचार्य ब्रह्मलीन स्वामी स्वारुपानंद सरस्वती जी महाराज एवं भगवती ग्रामदेवी एवं माँ बैनगंगा की कृपा से ग्राम पांजरा में दिव्य एवं भव्य कार्यक्रम खैरमाई प्रांगण, पांजरा में आयोजित होने जा रहा है। धार्मिक आयोजनों में कलश यात्रा 27 अप्रैल दिन रविवार दोप. 3 बजे से निकलेगी। कथा 27 अप्रैल रविवार से 5 मई सोमवार तक समय-दोप. 3 बजे से शाम 6 बजे तक कथा व्यास – आचार्य श्री हितेन्द्र पाण्डेय जी काशी (मातृधाम) द्वारा सुनाई जाएगी। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 1 मई गुरुवार से 3 मई 2025 शनिवार तक होगा।

### विधायक ने सूआखेडा इंटकवेल का लिया जायजा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सुआखेडा इंटकवेल का जायजा लिया। आज विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सुआखेडा स्थित नगर पालिका के वाटर सप्लाई प्लांट पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जहां पर छोड़ा गया पानी लगभग पहुंच गया है। इस अवसर पर अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## संगम घाट एवं किले घाट में नाव चालकों की मनमानी

**श्रद्धालु हो रहे परेशान**

**प्रशासनिक निगरानी के अभाव में अव्यवस्था, दुर्घटना की आशंका**





**मंडला।** नगर के प्रमुख घाटों – संगम घाट (महाराजपुर) एवं किले घाट (मंडला नगर) – पर इन दिनों नाव चालकों द्वारा मनमानी वसूली की जा रही है। नगर पालिका द्वारा नौका संचालन का ठेका बंद किए जाने के बाद इन घाटों पर नौका संचालकों की जवाबदेही समाप्त हो गई है, जिससे आमजन एवं श्रद्धालु परेशान हो रहे हैं। मां नर्मदा तट पर अस्थि विसर्जन और अन्य धार्मिक अनुष्ठानों हेतु प्रतिवर्ष विभिन्न जिलों और प्रदेशों से श्रद्धालु मंडला पहुंचते हैं। इनसे नाव चालक निर्धारित दरों से अधिक किराया वसूल रहे हैं। वहीं कई बार नाव चालक नशे की हालत में नाव चलाते हुए देखे गए हैं, जिससे किसी गंभीर दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है। इस संबंध नगरपालिका द्वारा द्वारा किराया निर्माण, नाव चालकों के पहचान पत्र, के साथ नियमावली का निर्धारण किया जाना चाहिए। ताकि आगे श्रद्धालुओं को परेशानी न हो।पर्यटन विकास की अनदेखी-धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण किले घाट स्थित व्यास नारायण मंदिर से प्रतिवर्ष उत्तर वाहिनी परिक्रमा का आयोजन किया जाता है। इसके बावजूद घाट क्षेत्र में सुविधाओं का अभाव है। बरसात के मौसम में श्रद्धालुओं को कीचड़ भरे रास्तों से गुजरना पड़ता है, जिससे उनकी श्रद्धा और यात्रा दोनों बाधित होती हैं। स्थानीय नागरिकों की मांग है कि नगर पालिका इस विषय पर गंभीरता से ध्यान दे। घाट क्षेत्र का समुचित विकास किया जाए, पक्का मार्ग एवं घाट संरचना निर्मित की जाए, तथा नौका संचालन को पुनः नगरपालिका के अधीन लेते हुए निर्धारित दरों पर सुचारु रूप से संचालित किया जाए। साथ यहां पीने के पानी की व्यवस्था हेतु बाटर कूल, श्रृद्धालुओं के शौचालय की व्यवस्था, महिलाओं को कपड़े बदलने की व्यवस्था होनी चाहिए। इससे न केवल श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी, बल्कि मंडला का धार्मिक पर्यटन भी सुदृढ़ होगा।







**इनका कहना है -**

किले घाट में सभी अस्थि विसर्जन करने आते है न रोड है न घाट है न नाव है। मजबूरी में इन लोगों को अनुचित पैसा देना पड़ता है, जल्दी ही इस संबंध नगरपालिका को ध्यान देकर उचित व्यवस्था की जानी चाहिए।

**अखिलेश सोनी समाजसेवी मंडला**

इस मामले को लेकर जल्द इसकी व्यवस्था के लिए कार्यवाही की जावेगी एवं अनुचित हो रही बसूली पर भी रोक लगाई जायेगी। इस संबंध मे उत्तर वाहिनी नर्मदा परिक्रमा वालों ने भी बताया है।

**अखिलेश कछवाहा उपाध्यक्ष नगरपालिका मण्डला**

किले घाट की ओर नगर पालिका द्वारा सड़क और सीढ़ियों का निर्माण करना से जो यह समस्या हो रही है उससे इसका हल हो सकता है, नगरपालिका द्वारा इस संबंध ध्यान देकर कार्यवाही की जानी चाहिए।

**राकेश शुक्ला मां नर्मदा सेवक**

मण्डला किले घाट से नाव द्वारा संगम जाया जाता है जहां पर नाविकों द्वारा अवैध वसूली की जा रही है साथ ही अस्थि विसर्जन कर बाहर से लोग आते हैं उनसे भी बहुत अधिक पैसा वसूला जा रहा है। नगर पालिका जिला प्रशासन से मांग है की नगर पालिका का अधीनस्थ घाट हो और बहुत कम इसकी राशि तय की जाए ताकि लोगों को फायदा मिले और घाट से लेकर नर्मदा जी के किनारे तक रोड का निर्माण कार्य कराया जाए।

**राजा शुक्ला, समाज सेवी मण्डला**

## स्कूल भवन पर अतिक्रमणः डीपीसी ने नगर पालिका को लिखा पत्र, उठे कई सवाल




शौर्य भूमि

शासकीय स्कूल पर हो रहा बेखौफ क

**मण्डला**

लालीपुर चौराहे पर स्थित एक बंद प्राथमिक शाला भवन पर अवैध अतिक्रमण का मामला सामने आने के बाद जिला शिक्षा केन्द्र (डीपीसी) हरकत में आया है। मीडिया में खबर प्रकाशित होने के बाद डीपीसी ने नगरपालिका मण्डला को पत्र क्रमांक पत्र/एसएसए/निर्माण/2025/548, दिनांक 25 अप्रैल 2024 को भेजकर अवैध कब्जा हटाने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि लालीपुर चौराहा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला भवन पर अवैध कब्जे का समाचार प्रकाशित हुआ है, अतः नगरपालिका निरीक्षण कर भवन को अतिक्रमण मुक्त कराए और इसकी जानकारी जिला शिक्षा केन्द्र को दे।

हालांकि, यह पत्र कई सवालों को जन्म दे रहा है। जानकारी अनुसार, प्राथमिक व माध्यमिक शालाओं के भवनों की जिम्मेदारी जिला शिक्षा केन्द्र की होती है। जब यह स्कूल बंद किया गया था, तो यह स्पष्ट नहीं है कि भवन किस विभाग को हैंडओवर किया गया था। अगर हैंडओवर नहीं किया गया, तो बीते वर्षों में अतिक्रमण को लेकर क्या कार्यवाही की गई? सवाल यह भी उठता है कि विभाग ने स्वयं निरीक्षण किए बिना सीधे नगरपालिका को पत्र क्यों लिखा? इससे विभागीय लापरवाही छिपाने की कोशिश प्रतीत होती है। शहर में कई आंगनबाड़ी और अन्य शासकीय कार्यालयों को भवनों की आवश्यकता है। यदि इस बंद भवन का उचित उपयोग किया जाता, तो अतिक्रमण जैसी स्थिति नहीं बनती। मामला अब प्रशासनिक लापरवाही और जवाबदेही से जुड़ गया है।

## 6 माह बाद भी नहीं हुआ सीएम हेल्पलाइन की शिकायत का निराकरण

**पंचायत पर लगाया झूठी जानकारी देने का आरोप**

**ग्रामीण ने जिला प्रशासन से की निष्पक्ष जांच की मांग**



**मण्डला।** जनपद पंचायत मण्डला अंतर्गत ग्राम पंचायत बिनैका के निवासी नवीन मिश्रा विगत कई वर्षों से अपने घर में नल-जल योजना के अंतर्गत पेयजल कनेक्शन की मांग कर रहे हैं। पंचायत से लेकर जनपद, पीएचई और कलेक्टर तक आवेदन देने के बावजूद जब कोई सुनवाई नहीं हुई, तो उन्होंने 10 दिसंबर 2024 को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई। किंतु 6 माह बीत जाने के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि पंचायत लगातार टालमटोल कर रही है और सीएम हेल्पलाइन में झूठी व भ्रमित करने वाली जानकारी देकर शिकायत को बंद कराने का प्रयास कर रही है। नवीन मिश्रा ने बताया कि ग्राम पंचायत को नल-जल योजना का संचालन पीएचई विभाग से हस्तांतरित कर दिया गया है, इसके बावजूद शिकायत को ग़लत रूप से पीएचई को भेजा गया। जब पीएचई ने स्पष्ट किया कि यह मामला पंचायत का है, तब भी पंचायत ने उचित कार्यवाही नहीं की। पंचायत द्वारा सीएम हेल्पलाइन में दिनांक 09 अप्रैल 2025 को अपडेट दिया गया कि शिकायतकर्ता के घर में पहले से तीन कनेक्शन हैं और उन्हें पर्याप्त जल मिल रहा है। जबकि एक अन्य जवाब में बताया गया कि दो कनेक्शन उनके सगे संबंधियों के नाम से हैं। इन विरोधाभासी बयानों से स्पष्ट है कि पंचायत द्वारा शिकायत को गलत तथ्यों के आधार पर बंद करने का प्रयास किया जा रहा है। नवीन मिश्रा ने कहा कि उन्हें गर्मी के इस भीषण समय में जल संकट से जूझना पड़ रहा है और पंचायत के गैरजिम्मेदार रवैये के कारण वे मानसिक तनाव में हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पंचायत द्वारा लगातार दबाव बनाकर शिकायत वापस लेने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष और सूक्ष्म जांच कराई जाए, जिससे सच्चाई सामने आ सके। साथ ही उन्होंने अनुरोध किया कि नल-जल योजना के अंतर्गत उन्हें शीघ्र नया कनेक्शन उपलब्ध कराया जाए ताकि उन्हें इस विकट गर्मी में जल संकट से राहत मिल सके।

यह मामला न केवल प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुँचने में किस प्रकार की बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं।

## शिक्षा विभाग में अधिकारियों पर बढ़ता अतिरिक्त प्रभार

**व्यवस्था पर खतरे के बादल**

**बीजाडांडी बीईओ को अन्य तीन स्कूलों का दिया गया है अतिरिक्त प्रभार**




**बीजाडांडी**-आदिवासी बहुल मण्डला जिले की शिक्षा व्यवस्था इस समय गंभीर संकट से गुजर रही है। जिले के शिक्षा विभाग में अधिकारियों पर लगातार अतिरिक्त प्रभार थोपे जा रहे हैं, जिससे वे अपनी मूल जिम्मेदारियों को समय नहीं दे पा रहे हैं। इस कारण स्कूलों की शिक्षा गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। बीजाडांडी विकासखंड में तैनात विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) को उनके मूल पद के साथ-साथ तीन अन्य विद्यालयों — उत्कृष्ट हायर सेकंडरी विद्यालय बीजाडांडी, कन्या हायर सेकंडरी स्कूल बीजाडांडी एवं संकुल केन्द्र हायर सेकंडरी स्कूल जमठार — का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। इस अतिरिक्त प्रभार के कारण बीईओ समय पर कार्यालय नहीं पहुंचते और न ही वे विद्यालयों का निरीक्षण कर पाते हैं। शिक्षकों एवं अभिभावकों की समस्याएं अनसुनी रह जाती हैं, जिससे भ्रम की स्थिति बनी हुई है और छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों का मानना है कि जिले में कई सक्षम अधिकारी मौजूद हैं जिन्हें ये जिम्मेदारियां दी जा सकती थीं, लेकिन बताया जा रहा है कि बीईओ की 'ऊपर तक पहुंच' के चलते उन्हें मलाईदार पद सौंपे गए हैं। विभाग के कुछ कर्मचारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि बीईओ जबलपुर से अप-डाउन करते हैं और अक्सर समय पर कार्यालय नहीं पहुंचते। साथ ही बिना अनुचित लाभ के वे कोई भी कार्य नहीं करते। कर्मचारियों का कहना है कि यदि उनके कार्यकाल की निष्पक्ष जांच कराई जाए, तो कई लापरवाहियों का खुलासा हो सकता है। साथ यह भी चर्चा मे है कि माड़ल स्कूल का भी अतिरिक्त प्रभार लेने हेतु प्रयास किया जा रहा है। स्थिति और भी गंभीर हो जाती है जब किसी समस्या को लेकर अभिभावक या शिक्षक स्कूल या कार्यालय पहुंचते हैं, लेकिन अधिकारी अनुपस्थित रहते हैं। इससे न केवल समय की बर्बादी होती है, बल्कि आम जनता को भी मानसिक और शारीरिक कष्ट उठाना पड़ता है। अब इस लापरवाही और अतिप्रभार की नीति पर सवाल उठने लगे हैं। यदि शीघ्र सुधार नहीं हुआ, तो मण्डला जिले की पहले से कमजोर शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा सकती है। कई लोगों ने जल्द ही कलेक्टर से शिकायत करने की बात कही है, ताकि शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर लाया जा सके।

**इनका कहना है -**

म.प्र. जनजाति कार्य विभाग को पत्र जारी कर स्कूलों के अतिरिक्त प्रभार हेतु अन्य प्राचार्य को देने हेतु निर्देशित किया जायेगा।

**कमलेश तेकाम**
उपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष शिक्षा समिति जिला पंचायत, मण्डला

सरकार शिक्षकों प्रमोशन जल्द करे ताकि रिक्त पद भरे जा सके और यह समस्या का निदान हो जायेगा।

**चैन सिंह वरकड़े**
विधायक विधानसभा निवास

## 100 कलाम छात्रावास में खेलो इंडिया कार्यक्रम पर संवाद



**मण्डला।** खेलों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण एवं जिले की राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी सुश्री अक्षरा वर्मा के साथ विशेष चर्चा का आयोजन किया गया । उक्त कार्य क्रम में लगभग 150 छात्राओं ने भाग लिया ।कार्यक्रम में डॉ आकाश , खेल प्रशिक्षक, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा खेलो इंडिया कार्यक्रम पर जानकारी साझा की गई एवं सभी के जीवन में खेलों के महत्व और उपयोगिता पर जानकारी प्रदान की गई । इसी क्रम में सुश्री अक्षरा वर्मा, राष्ट्रीय स्तर की खो खो खिलाड़ी के द्वारा अपने अनुभव साझा करते हुए बालिकाओं के खेल के क्षेत्र में आगे आने के लिए प्रोत्साहित किया गया । श्री अनूप कुमार नामदेव, परियोजना अधिकारी मडला के द्वारा बाल विवाह के संबंध में विशेष जानकारी सभी के साथ साझा की गई । उक्त कार्यकम में श्रीमती कल्पना नामदेव , प्राचार्य, उत्कृष्ट विद्यालय मंडला, श्रीमती मोहिनी , अधीक्षिका एवं प्रथा उइके , पर्यवेक्षक मंडला का विशेष योगदान रहा ।

## खेरमाई मंदिर तक रास्ते के चौड़ीकरण हेतु सेवा समिति ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**नारायणगंज।** ग्राम खेरी नारायणगंज की सेवा समिति द्वारा आज तहसील कार्यालय नारायणगंज पहुंचकर तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा गया। इस ज्ञापन में खेरमाई माता मंदिर तक सुगम आवागमन हेतु मार्ग के चौड़ीकरण की मांग की गई है।ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि खेरमाई मंदिर ग्राम पडरिया और खैरी मैली की सीमा पर स्थित है, जहां ग्रामवासी नियमित रूप से पूजा अर्चना के लिए जाते हैं। मंदिर तक पहुंचने वाला पुराना पगडंडी रास्ता अब अत्यंत संकीर्ण हो गया है, जिससे श्रद्धालुओं और किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यह रास्ता न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि कृषि कार्यों के लिए भी अत्यावश्यक है।सेवा समिति के सदस्यों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि मंदिर तक जाने वाले इस रास्ते का चौड़ीकरण शांतिपूर्ण ढंग से किया जाए, जिससे धार्मिक स्थल की गरिमा बनी रहे और ग्रामवासियों को सुगम रास्ता उपलब्ध हो सके।ज्ञापन सौंपने वालों में चौधरी गया चक्रवर्ती, बसंत चक्रवर्ती, मागन सोनी चौधरी चक्रवर्ती मनोज मिश्रा सचेत अग्रवाल, मनीष बर्मन, , ग्राम पंचायत खैरी सरपंच शांति बाई, पडरिया सरपंच राजकुमार,तेकाम राहुल सहित समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे। इस मांग को ग्राम पंचायत सरपंच पड़रिया एवं खैरी की भी सहमति प्राप्त है।यह ज्ञापन धार्मिक और सामाजिक समरसता की भावना को दृष्टिगत रखते हुए सौंपा गया है।

## बुढैनाकलां की लकी पंचेश्वर लगातार दूसरे साल वेट लिफ्टिंग में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व किया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पीएम श्री बुढैनाकलां शाला बरघाट की वेटलिफ्टर लकीपंचेश्वर ने लगातार दूसरे साल राष्ट्रीय स्तर पर वेटलिफ्टिंग की प्रतियोगिता में भाग लेकर विधालय का नाम रोशन किया है। इस वर्ष वर्तमान में लकी पंचेश्वर ने मणिपुर इंफाल में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हूये अपनी वेट केटेगरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शाला व जिले को गोरवान्वित किया है।गत वर्ष इसी छात्रा ने बिहार पटना में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व किया था, विधालय में अन्य प्रतियोगिताओं में राज्य स्तर पर वालीबाल मैं अयाजुर्रहीम, नियाजुर्रहीम व अबुशहमा, क्रिकेट में आनुषी इनवाती, एथलेटिक्स में कांची सरेयाम ने भी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से शाला का नाम रोशन किया।

### कौमी एकता कमेटी की मांग हुई पूरी 26 बिगड़े हेड पंप नगर पालिका द्वारा सुधरे गए

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कौमी एकता कमेटी द्वारा जिला कलेक्टर को अवगत कराया गया कि शहर के अधिकांश हेड पंप बंद पड़े हुए हैं बिगड़े पड़े हुए हैं इस भीषण गर्मी में अगर हेड पंप सुधर जाते हैं तो बहुत हद तक पानी की समस्या हल हो जाएगी और आम जनता को राहत मिल जाएगी जिला कलेक्टर महोदय द्वारा तत्काल नगर पालिका सीएमओ को कौमी एकता कमेटी का पत्र दिया और कहां तत्काल बिगड़े हेड पंप को सुधार जाने की कार्रवाई की जाए। दिनांक 26/ 4/ 2025 को नगर पालिका द्वारा 22 हेड पंपों सुधार कार्य किया गया जिसकी एक छाया प्रति कौमी एकता कमेटी को भी प्रदान की गई छाया प्रति मिलने पर कौमी एकता कमेटी के अध्यक्ष असलम बाबा ने जिला कलेक्टर महोदय एवं नगर पालिका सीएमओ साहब एवं कर्मचारियों का धन्यवाद अदा किया। असलम बाबा ने कहा कि सभी जनहित कार्यों को तत्काल संज्ञान मे लेकर के समस्या का निराकरण होते रहना चाहिए जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## खबर संक्षेप

### महिला से मारपीट करते हुये चोट पहुंचाई

**गाडरवारा।** पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम कौड़िया निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि पडौस में रहने वाला संतोष जोगी द्वारा बीते हुये दिवस मेरे घर आया और बोला की तुमने कुत्ते पाले है जो मेरे घर में आकर गंदगी कर देते है। इस दौरान प्रार्थिया बोली की हमारे घर में कोई कुत्ता नही पले इसी बात को लेकर आरोपी द्वारा गंदी गलिया देते हुये प्रार्थिया के साथ मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामाल कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### बच्चा ने की कबीर से मारपीट

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी बीते हुये दिवस नगर के शास्त्री वार्ड निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि उसका लड़का कबीर रोते हुये आया ओर बोला के मुझे बच्चा बाल्मीक द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये कहा कि तू बडी जासूसी करता हे और मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाने के साथ साथ जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामाला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### एक राय होकर की मारपीट

**गाडरवारा।** पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नगर के शिवाजी वार्ड निवासी व फेरी लगाकर कपड़ा विक्रय करने वाले व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने किसी काम से नया बस स्टेन्ड हनुमान मंदिर के पास था उसी समय चंद्र प्रकाश उर्फ चंदू मंगतानी आया और पैसों के लेन देन की बात को लेकर गंदी गंदी गालिया देने लगा। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो चंदू द्वारा अपने साथी उदयराज जोशी के साथ मिलकर मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### मारपीट करते हुये चोटें पहुंचाई

**गाडरवारा।** समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम पनागर निवासी आशीष पिता चरन सिंह कीर उम्र 19 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने किसी काम से जनक पेलेस गया हुआ था उसी दोरान सुरेन्द्र पिता रामेश्वर कीर निवासी पनागर द्वारा पुरानी बुराई के चलते गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### चाचा भतीजे के साथ की मारपीट

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम कौड़िया टंकी मुहल्ला निवासी एक आटों चालक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरी गांव के ज्ञानी जाटव से पुरानी बुराई चल रही है। बीते हुये दिवस जब में अपना आटों खड़ा खड़ा करके जा रहा था तो ज्ञानी जाटव मिला और पुरानी बुराई की बात को लेकर गंदी गंदी गालिया देने लगा। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपी द्वारा मारपीट कर चोटे पहुंचाई। इसी दौरान जब प्रार्थी का चाचा रामेश्वर जाटव ने आकर बीच बचाव करने का प्रयास किया तो आरोपी द्वारा उसके साथ भी मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई जाने पर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सहित नपा अध्यक्ष मिश्रा ने दिया आशीर्वाद, बेटियों के किये हाथ पीले

# सामूहिक विवाह सम्मेलन 91 जोड़ों ने शुरू की अपने दाम्पत्य जीवन की शुरूआत






**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि जिस तरह प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना की शुरूआत की गई उसके चलते अनेक बेटियों के हाथ पीले होने के साथ साथ अब बेटिया अपने माता पिता पर बोझ नही बन रही है। वही दूसरी ओर जिस प्रकार से सामूहिक विवाह सम्मेलन के दौरान बेटियों के हाथ पीले करने का जन प्रतिनिधियों को सौभाग्य मिल रहा है उसके चलते वह अपने आपको बडे ही सौभाग्य शाली समझने से नही चूक रहे है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस नगर की जवाहन कृषि उपज मंडी में उस समय देखने मिला जब मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत नगर पालिका परिषद के तत्वाधान में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में 91 जोड़ो ने शामिल होकर अपने विवाह जीवन की शुरूआत की गई। बताया जाता है कि नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित इस शासन की मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत आयोजित हुये सामूहिक विवाह सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के शिक्षा तथा परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह मौजूद रहे। इस तरह आयोजित किये गये सामूहिक विवाह सम्मेलन में पूर्ण विधि विधान के साथ विवाह की सभी रस्में सम्पन्न कराई गई। इसके पहले जब वर पक्ष का दूल्हों को लेकर आगमन हुआ तो क्षेत्र के विधायक राव उदय प्रताप व नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा सहित सभी पार्षदों द्वारा एक भाई का दायित्व निभाते हुये बडे ही हर्ष के साथ बारातियों का स्वागत किया गया। वही समारोह में परिणय सूत्र में बंधे जोड़ों को मंत्री सिंह ने अपने दाम्यपत्य जीवन की नई शुरूआत करने पर आशीर्वाद देने के साथ साथ उपहार सामग्री भेंट की गई। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत परिणय सूत्र में बंधे प्रत्येक जोड़े को गृहस्थी का सामान खरीदने 49 हजार रुपये की राशि के स्वीकृति पत्रों का वितरण भी किया गया। यह राशि परिणय सूत्र में बंधी कन्याओं के बैंक खाते में शासन द्वारा जमा कराई जायेगी। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री सिंह ने कहा कि सरकार ने कैबिनेट में फैसला करके इन वैवाहिक कार्यक्रमों को और व्यवस्थित रूप से आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। जिसके चलते अब कम से कम 11 और अधिकतम 200 वैवाहिक जोड़े होने पर सरकार मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन कर सकती है जिसके चलते उन्हें शासन की इस योजना का लाभ दिया जावेगा। इस तरह भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई इस योजना के तहत अब बेटियाँ अपने माँ बाप के ऊपर बोझ नही रही है। क्योंकि सरकार द्वारा बेटियों के जन्म से लेकर उनकी पढ़ाई तथा शादियों की जिम्मेदार उठाते हुये एक पिता के दायित्व का निर्वाहन करते हुये देखी जा रही है। हम लोगों का बडा सौभाग्य है कि इस तरह सामूहिक रूप से बेटियों के हाथ पीले कराने का अवसर मिल रहा है। इस तरह सभी लोगों से अपेक्षा है कि वह बेटियो को बोझ न मानें जिस घर में यदि बेटी जन्म लेती है तो उस घर में साक्षत लक्ष्मी का आगमन हो रहा है जो अपने माता पिता से कुछ लेकर जाने की जगह दो परिवार की शान बन रही है। क्योंकि पहले देखा जाता था कि जब किसी के घर में बेटी का जन्म होता था तो माँ बाप उसके जन्म से ही चिंता में पड़ जाते थें। मगर बेटियों की चिंता करते हुये ही सरकार ने लाडली लक्ष्मी, कन्या विवाह, प्रतिभा किरण, लाडली बहना जैसी अनेक क्रांतिकारी योजनाएं बनाकर उन्हें जमीन पर उतारा गया है। बेटियों की जिंदगी कैसे बेहतर और सुखी हो, हम इस कोशिश में लगे हुए हैं। सरकार की यह सोच है कि बेटियों के हाथ पीले करने में माता-पिता को कर्ज न लेना पड़े और बड़े धूमधाम से उनकी शादी हो। मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार ने सभी वर्गों की चिंता की जा रही है। बच्चों की पढ़ाई, यूनिफार्म, स्कूल जाने के लिए साईकिल के साधन, सीएम राइज में पढ़ता है तो बस से स्कूल भेजने का काम, बच्चों को स्कालर शिप, हॉस्टल की सुविधा सारी व्यवस्थाएं हमारी सरकार देती है। इसी प्रकार से कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा ने संबोधित करते हुये कहा कि आज हमारा बडा ही सौभाग्य है कि गाडरवारा के लोग एक नही बल्कि 91 बेटियों का हाथ पीले करते हुये उनका कन्यादान करने का अवसर मिला है। हमे बडे खुशी हो रही है कि आज हमारी बहिने अपने दाम्यपत्य जीवन की शुरूआत करते हुये हमारे नगर से बिदा हो रही है। अक्सर देखा जाता है कि जिस घर में बेटी का जन्म नही होता है तो उस घर में कन्यादान करने का मौका नही मिलता है। इस स्थिति में माँ बाप किसी दूसरे की बेटी का कन्यादान करने का अवसर प्राप्त करते है। मगर आज हमारे नगर पालिका परिषद के आंगन में 91 बेटियों का कन्यादान करने का अवसर मिला है। इस अवसर पर पूर्व विधायक नरेश पाठक, पूर्व नपा अध्यक्ष श्रीमती ममता पांडे, नवनीत चाचा, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य मिनेन्द्र डागा पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष मुकेश मरैया, भाजपा पिछडा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष राव संदीप सिंह, भाजपा नेत्री शिरोमणी चौधरी के आलवा एएसपी संदीप भूरिया, अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती कलावती ब्यारे, उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा, नगर निरीक्षक विक्रम रजक, बाबू लाल जाटव मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद थें।

## स्वावलंबी भारत का आधार बना रहा है तेजस्वी मेला, पीतल नगरी में आयोजित इस मेले में देखने मिला अनोखा रूप



**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** मध्य प्रदेश सरकार ने स्कूल पढ़ाई के साथ साथ विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए तेजस्वी प्रोजेक्ट पर काम करना शुरू किया है। इस प्रकार तेजस्वी प्रोजेक्ट से जुड़ रहे विद्यार्थी छोटे-छोटे कौशल से जुड़कर बड़े कमाल दिखाते हुए नजर आ रहे हैं। मध्यप्रदेश के कई स्कूलों में तेजस्वी प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विद्यालयो के द्वारा प्रोडक्ट तैयार कर प्रदर्शित किये जा रहे हैं । इन प्रोडक्ट्स में विद्यार्थियों की मेहनत नवाचार और काम करने की लगन नजर आ रही है। हर साल स्कूलों में कुछ विद्यार्थियों को इस योजना के साथ जोड़कर थोड़ी सी आर्थिक मदद देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। छात्रों को बताया जा रहा है कि वह खुद को कैसे आगे बढ़ सकते हैं और हुनरमंद बन दूसरे लोगों को भी काम करने का मौका दे सकते हैं। इसी क्रम में गत दिवस विकास खंड चीचली के उत्कृष्ट विद्यालय में तेजस्वी कार्यक्रम स्कूल शिक्षा विभाग एवं उद्यम लर्निंग फाउंडेशन के सहयोग एवं निर्देशों के परिपालन में तेजस्वी मेले से संबंधित प्रदर्शनी लगाई गई। इस मेले में विद्यार्थियों में उद्यमशीलता की मानसिकता एवं इक्कीसवीं सदी के कौशल को विकसित करने के उद्देश्य से मेले का प्रदर्शन किया गया। इस प्रदेश में विद्यार्थियों ने न केवल अपने कौशल का प्रदर्शन किया बल्कि एक छोटे से आइडिया से रोजगार पर प्रोडक्ट के रूप में कैसे बदलें यह भी बताया यह कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास, सार्थक अवसरों को पहचाना, उनका हल ढूंढना एक छोटे से विचार को स्वरोजगार के रूप में देखने की क्षमता को विकसित कर रहा है। मेले में आगंतुक व्यवसायी अतिथियों में के एल साहू, डॉ चंद्रकांत गुप्ता, श्रेयश ताम्रकार तथा विकास खंड स्रोत समन्वयक डी के पटेल ने अपने उद्बोधन में समय की सदुपयोगिता, व्यापार परक दृष्टिकोण, उचित अवसरों को पहचानना, कम लागत में श्रेष्ठतम प्रोडक्ट निर्माण, उचित प्रचार प्रसार, तथा व्यवसाय से संबंधित अन्य मुख्य बिंदुओं का समावेश किया। आगंतुक व्यवसायिक अतिथियों द्वारा प्रत्येक स्टाल का अवलोकन कर, विद्यार्थियों से प्रोडक्ट की जानकारी, उन प्रोडक्ट उपयोगिता, बनाने में लगा समय, उनकी लागत राशि की जानकारी लेकर उनके द्वारा विभिन्न स्टालों से प्रोडक्ट क्रय भी किये। इस मेले में प्रथम स्थान पर क्रिएटिव माइंड, द्वितीय स्थान पर स्टडी स्क्वॉड एवं तृतीय स्थान लर्निंग लीडर टीम ने प्राप्त किया। इस मेले के आयोजन में विद्यालय की तेजस्वी प्रभारी सुलेखा शर्मा, विद्यालय के प्राचार्य भूपेश ठाकुर, हेमंत शुक्ला, सत्यम ताम्रकार, शिवम नागा तथा शालेय स्टाफ ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन विनीत नामदेव तथा आभार प्रदर्शन शिक्षिका रजनी सराठे द्वारा किया गया। इस तेजस्वी मेले में उत्कृष्ट विद्यालय की 46 टीमों के 267 विद्यार्थियों ने हिस्सा लेकर सीड मनी प्राप्त की गई। इसी प्रकार से समीपस्थ ग्राम सूखाखेरी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में तेजस्वी मेले का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों के उद्यमी कोशल का विकास एवं विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु मध्यप्रदेश शासन की एक पहल है जिसके तहत मेले आयोजन किया गया। मेले मे बच्चो के द्वारा बनाए गए विभिन्न मॉडल को शिक्षको एवम ग्रामीणजनो ने देखा एवं छात्र छात्राओं की हौसला अफजाई की। कार्यक्रम का उदघाटन संकुल प्राचार्य महेंद्र सिंह पटेल के द्वारा रिबिन काट कर की गई। कार्यक्रम में प्रभारी श्रीमति शालिनी जगैत का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर शाला के संदीप मेहरा, नितेंद्र प्रताप सिंह राजगोंड, सोनू कुमरे, प्रतिपाल सिंह राजपूत, रजनी जगेत, दिलीप सिंह अनेक लोग मौजूद थें।



### सहभागिता से हुआ ग्राम खुलरी में व्यापक स्तर पर हुआ खंती निर्माण व की गई तालाब की साफ- सफाई

**हरिभूमि न्यूज/ खुलरी।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वर्षा जल के संग्रह के लिए मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वाधान में परिषद विकास खण्ड चांवरपाठा की नवांकुर संस्था श्री स्वामी साधना सेवा समिति द्वारा जन सहभागिता से खुलरी में व्यापक स्तर पर 10 वाय 10 का खंती निर्माण किया गया। इस दौरान सभी को जल संरक्षण व संवर्धन की शपथ भी दिलाई गई। वही बताया जाता है कि इस दौरान तालाब की साफ- सफाई की गई। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के निर्देशानुसार इस समय जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पुरानी जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार व साफ-सफाई, नवीन जल संरचनाओं का निर्माण आदि के कार्य किए जा रहे हैं। यह कार्य जनसहभागिता के साथ किया जा रहा है। इसके अलावा जल के सदुपयोग के लिए जागरूक भी किया जा रहा है। इस कार्य में जिला समन्वयक जयनारायण शर्मा, विकास खंड समन्वयक धर्मेंद्र चौहान, नवांकुर संस्था के बाबूलाल नोरिया, परामर्शदाता आदित्य कौरव व छोटे राजा कौरव, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बांसखेड़ा, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के विद्यार्थी और ग्रामवासी मौजूद थे।

### मजदूरी के पैसों की बात पर दो पक्षों में हुई मारपीट पुलिस ने दर्ज किया काउन्टर मामला

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस रेल्वे स्टेशन के पास मजदूरों के पैसों की बात को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट होने पर पुलिस द्वारा दोनों की शिकायतों पर काउन्टर मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शहर के राजेन्द्र बाबू वार्ड निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने किसी काम से बीते हुये दिवस रेल्वे स्टेशन मोटर साईकिल स्टेन्ड जा रहा था। उसी दौरान हीरो शोरूम के पास छोटे व विष्णु कुशवाहा मिले जो पुरानी बुराई को लेकर गंदी गंदी गालिया देने लगे। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो मारपीट करते हुये जमीन पर गिरा दिया। इस दौरान छोटू व विष्णु ने अपने अन्य साथ रमेश तथा दीपक कुशवाहा को और बुला लिया गया था। इस तरह एक राय होकर मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। इस दौरान जब प्रार्थी के पिता खुमान सिंह मौके पर पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाते हुये जान से मारने की धमकी दी गई। वही दूसरे पक्ष की ओर से भी प्रार्थी द्वारा अपनी शिकायत में उल्लेखित किया गया है कि मेरा भांजा गोविन्द कुशवाहा मकान बनाने की ठेकेदारी का काम करता है करीब 2 माह पहले मंझला भाई विष्णु प्रसाद ने उसके पास मजदूरी किया था जिसका 15 दिन की मजदूरी का रुपये लेना बाकी था। बीते हुये दिवस जब वह जैसवाल की आटा चक्की के सामने खडा था जिससे मैने मजदूरी का पैसा देने को कहा गया। इसी बात को लेकर गोविन्द मुझे गंदी गंदी गालिया देने लगा जो सुनने मे बुरी लगी मैने गाली देने से मना किया तो गोविन्द ने झूमा झटकी करते हुये जमीन पर पटक कर मारपीट कर चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर काउन्टर मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।



## अलग अलग स्थानों से जप्त की गई अवैध शराब

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के लिये जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस द्वारा लगातार धरपकड़ मुहिम चलाते हुये कार्यवाही की जा रही है। इसी के चलते बीते हुये दिवस पुलिस द्वारा डोला बाबा क्षेत्र के आंगनबाड़ी के पास एक युवक को अवैध रूप से शराब लिये हुये पकड़कर जब उससे पूछताछ की गई तो आरोपी ने अपना नाम प्रकाश पिता श्याम मांग निवासी रानी लक्ष्मी बाई वार्ड बताया गया। इस तरह पुलिस ने आरोपी के पास से 9 लीटर शराब जप्त की गई। इसी प्रकार से सालीचौका पुलिस द्वारा भी अपने चौकी क्षेत्र के बस स्टेन्ड सालीचौका में परषोत्तम पिता सउआ अहिरवार निवासी अर्जुन गांव के पास से 5 लीटर व नगर के कुचबंदिया मुहल्ला में एक महिला के पास से 5 लीटर कच्ची महुआ की तो नगर के कुचबिदया मुहल्ला में धनराज पिता राम लाल इनवाती निवासी छिंदवाडा के पास से 5 लीटर व नगर के मरघटा मुहल्ला में गोलू पिता प्रीतम कहार निवासी शिवाजी वार्ड के पास से 3 लीटर व मनोज उर्फ मंजू पिता घन श्याम नौरिया के पास से 5 लीटर शराब जप्त की गई। वही नगर के राजेन्द्र बाबू वार्ड में भी पुलिस द्वारा राहुल पिता श्याम लाल कहार के पास से 5 लीटर कच्ची महुआ की तथा एक महिला के पास से 5 लीटर तो नगर के रानी लक्ष्मी बाई वार्ड में राघवेन्द्र पिता होती लाल जाटव निवासी खैरी टोला कामती के पास से 2 लीटर व नगर के कुचबंदिया मुहल्ला में सोनू पिता परसु ठाकुर के पास से 3 लीटर व हरीश उर्फ भीम पिता विश्राम ठाकुर शास्त्री वार्ड के पास से 5 लीटर शराब जप्त की गई। इसी प्रकार से सिहोरा पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम टेकापार यात्री प्रतिक्षालय के पास खेमचंद पिता गुड्डा धानक निवासी टेकापार के पास से तथा सालीचौका चौकी पुलिस द्वारा रेलवे कालोनी सालीचौका में अनिल पिता दीपचंद धानक निवासी बैरागढ़ के पास से 5 लीटर शराब जप्त करते हुये धारा 34 आवकारी एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये कार्यवाही की गई।




### अशासकीय स्कूलों में ऑनलाइन निःशुल्क प्रवेश प्रक्रिया की शुरूआत 5 मई से, राज्य शिक्षा केन्द्र ने जारी किये निर्देश का होगा पालन

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** क्षेत्र में निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन की कार्यवाही पारदर्शी तरीके से की जायेगी। इसके लिये कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के निःशुल्क प्रवेश की प्रक्रिया का टाइम टेबल घोषित कर दिया गया है। शिक्षण सत्र 2025-26 के लिये 5 मई से प्रवेश प्रक्रिया की कार्यवाही शुरू की जा रही है। इस संबंध में राज्य शिक्षा केन्द्र ने निर्देश जारी किये हैं। जारी कैलेण्डर के अनुसार 5 मई को निःशुल्क प्रवेश के लिये मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूल एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीट का पोर्टल पर प्रदर्शन होगा। पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन एवं त्रुटि-सुधार का कार्य 7 मई से 21 मई तक किया जायेगा। आवेदन के बाद सत्यापन का कार्य शासकीय जन-शिक्षा केन्द्र में 7 मई से 23 मई तक होगा। वही रेण्डम पद्धति से ऑनलाइन लॉटरी द्वारा स्कूल का आवंटन एवं चयनित आवेदकों को एसएमएस द्वारा सूचना 29 मई तक की जायेगी। आवंटन के बाद अशासकीय स्कूल में प्रवेश के लिये उपस्थिति और स्कूल द्वारा मोबाइल ऐप के माध्यम से एडमिशन रिपोर्टिंग का कार्य 2 से 10 जून तक किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि आवेदक अपने ग्राम, वार्ड तथा विस्तारित पड़ोस के गैर-अनुदान मान्यता प्राप्त प्रायवेट स्कूलों में पोर्टल पर कक्षावार प्रदर्शित स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिये आवेदन दर्ज करा सकेंगे। निर्धारित सत्यापन केन्द्र (शासकीय जन-शिक्षा केन्द्र) में मूल दस्तावेजों का सत्यापन कराया जाना अनिवार्य है। प्रवेश प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी एजुकेशन पोर्टल पर भी प्रदर्शित की गयी है।






# लोक स्वास्थ्य यंत्रिकी मंत्री सम्पतिया उइके ने ली विभागीय समीक्षा बैठक

## जल जीवन मिशन और नल-जल योजनाओं की प्रगति की हुई गहन समीक्षा



**डिंडौरी** । लोक स्वास्थ्य यंत्रिकी विभाग मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, शहपुरा विधायक धुर्वे, जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते, जिलाध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता सारस, अध्यक्ष जनपद पंचायत मेंहदवानी रामप्रसाद तेकाम, जनपद पचांयत अध्यक्ष बजाग फूलकली, जनपद पचांयत अध्यक्ष डिंडौरी आशा सिंह, जनपद पचांयत करंजिया श्रीमती गीता, जनपद पचांयत समनापुर पार्वती, मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित प्रबंध संचालक के व्ही एस चौधरी, कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या, सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार, अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला, कार्यपालन यंत्री पीएचई इमाम उल्ला खान एवं जलजीवन मिशन के अधिकारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में मंत्री श्रीमती उइके ने लोक स्वास्थ्य यंत्रिकी विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से नल-जल योजनाओं की स्वीकृति की स्थिति, जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों की अद्यतन प्रगति तथा "हर घर जल" के लक्ष्य एवं अब तक की उपलब्धियों का अवलोकन किया।

मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने जल जीवन मिशन के तहत घोषित और प्रमाणीकरण प्राप्त ग्रामों की स्थिति पर भी विस्तृत चर्चा की और निर्देश दिए कि जिन ग्रामों में अभी प्रमाणीकरण शेष है, वहां शीघ्र कार्य पूर्ण कराया जाए। उन्होंने पुनरीक्षित योजनाओं के क्रियान्वयन, कार्यात्मक परीक्षणों की गुणवत्ता, रोड रेस्टोरेशन कार्यों की स्थिति के त्वरित निराकरण पर भी बल दिया। बैठक के दौरान अधिकारियों ने जल आपूर्ति से संबंधित विभिन्न समस्याओं, परियोजनाओं की प्रगति और समाधान की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी प्रस्तुत की। मंत्री श्रीमती उइके ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्यों को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए ताकि ग्रामीण जनता को बेहतर पेयजल सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत 2021 से जो ठेकेदार समय सीमा के अन्दर अपना कार्य पूर्ण नहीं किए जा सके हैं उन्हें ब्लैक लिस्ट किया जाए और उनका भुगतान न किया जाए। विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने ग्राम आनाखेडा, सारंगपुर पडरिया, सारसताल में पानी की समस्या रखी। जिसपर मंत्री श्रीमती उइके ने त्वरित कार्यवाही करते संबंधित अधिकारियों को दो दिवस के अन्दर पानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए और लापरवाही करने वाले अधिकारियों के पर कार्यवाही की जाएगी। मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मनरेगा योजना से कई बडे-बडे कार्य किए जा सकते हैं जो ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के लिए वरदान सिद्ध हो सकते हैं। मंत्री श्रीमती उइके ने बैठक के दौरान पीएचई एवं जल जीवन मिशन में कार्यरत इंजीनियर, एसडीओ सहित अन्य अधिकारियों को अपनी पदस्थापना स्थान पर रहकर कार्यों में प्रगति लाएं। लापरवाही करने वाले अधिकारी कर्मचारियों पर कार्यवाही की जाएगी।

शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने बैठक के अंत में मंत्री श्रीमती उइके एवं अन्य का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज मैं जब अपने विधासभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में जाता हूं तो गांव के लोग एक या दो छोटी मोटी समस्याओं को लेकर आते हैं। पिछले वर्षों की तुलना में आज ग्रामीण क्षेत्रों में समस्याएं कम हुईं हैं, इससे प्रतीत होता है कि शासन की योजनाएं धरातल पर जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधि लग्न के साथ ग्रामीण लोगों की समस्याएं निरंतर कम करने का प्रयास किए जा रहे हैं। सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते एवं विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने भी क्षेत्रीय जल आपूर्ति से जुड़ी जमीनी समस्याओं पर अपने सुझाव रखे और अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्यों में तेजी लाने का आग्रह किया। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित मुद्दे उठाए, जिन पर मंत्री श्रीमती उइके ने समाधान हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सभी अधिकारियों को मिशन मोड में कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति करने के निर्देश दिए गए।

## मध्य प्रदेश शासन जनजाति कार्य विभाग के प्रमुख सचिव गुलशन बामरा ने किया नर्मदांचल विद्यापीठ का निरीक्षण



### विद्यालय की छात्रा के द्वारा प्रमुख सचिव को स्वतंत्रता संग्राम के महानायक का स्वनिर्मित चित्र किया भेंट

**शहपुरा।** मध्य प्रदेश शासन जनजाति कार्य विभाग के प्रमुख सचिव गुलशन बामरा का डिंडोरी प्रवास के दौरान नर्मदांचल विद्यापीठ का निरीक्षण करने पहुंचे जहां विद्यालय की छात्रों के द्वारा घोषवादन कर एवं कलश के द्वारा स्वागत किया गया श्री बामरा ने विद्यालय द्वारा संचालित शैक्षणिक सह शैक्षणिक गतिविधियों का निरीक्षण किया विद्यालय की प्राचार्य द्वारा विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया विद्यालय की कक्षा दसवीं में अध्यनरत छात्रा कु प्रतिभा झारिया द्वारा स्वतंत्रता संग्राम के महानायक एवं जनजातीय गौरव राजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह जी का स्वहस्त निर्मित चित्र सप्रेम भेंट किया श्री बामरा ने छात्रा की अनुपम प्रतिभा से प्रभावित हो प्रोत्साहन राशि प्रदान की एवं विद्यालय द्वारा संचालित शैक्षणिक - शैक्षणिक गतिविधियों निरीक्षण से प्रभावित होकर कहा यहाँ से जाने का मन नही कर रहा किंतु समय और प्रशासनिक प्रतिबद्धता के कारण जाना आवश्यक है संचालन समिति एवं विद्यालय के शैक्षिक स्टाफ की प्रशंसा कर विद्यालय की उज्जवल भविष्य की कामना की इस दौरान केंद्र के अध्यक्ष एमएल साहू एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेश मिश्रा, महेंद्र अरजरिया,प्राचार्य सुरभि पांडे,उप प्राचार्य प्यारेलाल कुशवाहा, विद्यालय के अभिभावक धर्म सिंह मरावी ,ज्ञानवती कुशराम की उपस्थिति रही ।

## खबर संक्षेप

### भाजपा मंडल शहपुरा की नवीन कार्यकारिणी घोषित

**शहपुरा।** भारतीय जनता पार्टी जिला डिण्डौरी के जिलाध्यक्ष चमरू सिंह नेताम की सहमति से शहपुरा भाजपा मण्डल अध्यक्ष भजनदास चक्रवर्ती द्वारा मण्डल कार्यसमिति की घोषणा की गई है जिसके अनुसार श्रीमती अहिल्या बाई तेकाम अमित कछवाहा विजय साहू तुलसीदास गुप्ता मोहन बनवासी को उपाध्यक्ष, बसंत कुशराम व नितिन गुप्ता को महामंत्री , रामकुमारी मरावी विनय गुप्ता किशन झरिया राधेश्याम साहू विजय राजा साहू को मंत्री, प्रभात कुमार झारिया कोषाध्यक्ष, संतोष धूमकेती कार्यालय मंत्री, रामकिशोर सोनी मीडिया प्रभारी, मधु बनवासी सह कोषाध्यक्ष, शिव बरमैया सह कार्यालय मंत्री, प्रिया अग्रवाल सह मीडिया प्रभारी, रवि साहू सोशल मीडिया प्रभारी, उमेश रजक आईटी सेल प्रभारी, प्रेमवती सह सोशल मीडिया , राधेश्याम दुबे को सह आईटी सेल प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया है इन सभी की नियुक्ति पर भाजपा मंडल शहपुरा व जिले के समस्त भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा शुभकामनाएं दी गईं।

### चंदास नदी में बोरी बंधान कर जल के संरक्षण का दिया गया संदेश



**अनूपपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आव्हान पर जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कलेक्टर हर्षल पंचोली के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद से संबद्ध संस्थान द्वारा जिले के विभिन्न ग्रामों में जल संरक्षण हेतु अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही है इसी क्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवाकुर संस्था सर्वजन सुखाय सामाजिक संस्था एवं नगर प्रस्फुटन समिति अनूपपुर तथा सीएमसीएलडीपी छात्रों के संयुक्त प्रयास से अनूपपुर के चंदास नदी में बोरी बंधान का कार्य किया गया। साथ ही इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों से पानी का दुरूपयोग न करने की अपील की गई। आमजनों को वर्षा जल संचयन तथा जल स्रोतों की साफ-सफाई एवं जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संरक्षित रह सके। इस कार्यक्रम में नवांकुर संस्था अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा पटेल, वार्ड पार्षद संजय चौधरी, परामर्शदाता विक्रम सिंह, दिलीप शर्मा, नगर विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष अनिल परिहार, सीएमसीएलडीपी छात्र विकाश पांडेय, सूरज केसरवानी, विनीता सिंह, राजकुमारी पहाडे, रीता सिंह, रानी पांडेय, सुखदेव सिंह, लालिमा सिंह एवं स्थानीय लोगों की सहभागिता रही।

### मप्र शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ छत्रवीर सिंह एवं महामंत्री राकेश गुप्ता आज प्रवास अमरकंटक में

**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ संभाग शहडोल के तीनों जिलों, क्रमशः शहडोल, अनूपपुर, उमरिया जिलों के जिला अध्यक्ष / सचिव / कोषाध्यक्ष एवं संपूर्ण कार्यकारिणी से अपील है कि त्रिदिवसीय प्रांतीय अभ्यास वर्ग की तैयारी के अवलोकन हेतु 27/4/2025 को 10 बजे सुबह प्रांतीय अध्यक्ष डॉक्टर छत्रवीर सिंह राठौर एवं महामंत्री राकेश गुप्ता का आगमन अमरकंटक में हो रहा है, प्रांतीय अध्यक्ष द्वारा मां नर्मदा जी के दर्शन उपरांत अभ्यास वर्ग की तैयारी का अवलोकन उपरांत सभी पदाधिकारियों, सदस्यों, कार्यकर्ताओं की कल्याण आश्रम के ऑटोटोरियम हाल में बैठक लेंगे, जिसमें उनके द्वारा अभ्यास वर्ग के संबंध में विस्तृत जानकारी सभी को दी जावेगी, आप सभी से विनम्र आग्रह है कि अपने- अपने जिलों के, पदाधिकारियों सहित तहसील, नगर, विकास खंडो के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सहित अधिक से अधिक संख्या में 10 बजे तक कल्याण आश्रम अमरकंटक में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे, प्रांतीय अध्यक्ष एवं महामंत्री का प्रथम आगमन संभाग शहडोल में हो रहा है।

# पुलिया निर्माण को लेकर बाबा गोपाल दास ने तीन वर्षों से त्यागा अन्न

शहपुरा





शहपुरा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत चंदवा ही के पोषक ग्राम घुंडी सरई के चकदेही घाट पर पुलिया निर्माण को लेकर बाबा गोपाल दास द्वारा 3 वर्षों से अन्न त्याग कर कठिन तप करते हुए पुलिया निर्माण के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं ग्रामीणों द्वारा पूछने पर पता चला कि बाबा गोपाल दास द्वारा सच में 3 वर्षों से अन्न को त्याग कर सार्वजनिक हित के लिए ग्राम वासियों के लिए एवं अन्य ग्राम के किसानों के लिए आवागमन सुलभ हो सके इसके लिए पुलिया निर्माण के वास्ते विभिन्न जगह आवेदन दे चुके हैं इनके द्वारा ग्राम पंचायत सरपंच सचिव से भी प्रस्ताव पास कर माननीय कलेक्टर महोदय को विगत 5 वर्षों से आवेदन देते आ रहे हैं लेकिन इनकी सार्वजनिक समस्या को शासन के पदाधिकारी द्वारा नजर अंदाज किया जाता रहा है। जबकि पूर्व विधायक श्री भूपेंद्र मरावी द्वारा कार्य पालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को पत्र जारी कर जन समस्या निवारण करने आवश्यक निर्देश भी दिए थे तत्पश्चात कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग डिंडोरी द्वारा जबलपुर कार्यपालन यंत्री सेतु निगम को पत्र जारी कर पुलिया निर्माण वास्ते अवगत कराया था क्योंकि यह कार्य उनके कार्य क्षेत्र में आता है लेकिन चार पांच वर्षो से अधिक प्रयास करने के उपरांत भी समस्या का निवारण नहीं हो पाया लोगों को आने-जाने कृषि कार्य करने और अन्य कार्य के लिए 15 ,16 किलोमीटर घूम कर शाहपुरा आना पड़ता है जबकि पुलिया निर्माण होने पर मात्र छः सात किलोमीटर की दूरी हो जावेगी जिससे लोगों का समय भी बचेगा और आवागमन की समस्या से निजात भी मिलेगा। ग्राम वासियों से पूछने पर पता चला कि उन्हें किसी भी सामग्री के लिए बहुत लंबी दूरी तय करनी होती है पुलिया निर्माण होने पर आवागमन सुलभ हो जाएगा और ग्रामीणों की समस्या हल हो सकेगी। शासन प्रशासन से ग्रामीणों द्वारा अपील की जाती रही है कि उनकी समस्या को शीघ्रता शीघ्र हल किया जाए। लेकिन आज दिनांक तक उनकी समस्या हल नहीं हो सकी। यह एक विचारणीय प्रश्न है? 3 वर्षों से अन्न को त्यागे बाबा गोपाल दास एवं ग्रामीणों द्वारा निवेदन किया गया है कि शीघ्र ही उनके ग्राम घुंडी सरई के चकदेही घाट पर पुलिया निर्माण हो जिससे विभिन्न ग्रामों के किसानो की समस्या का निदान हो सके।

**इनका कहना है**

जब तक घुंडी सरई के चकदेही घाट में शासन प्रशासन द्वारा पुलिया का निर्माण नहीं हो जाता तब तक में अन्न ग्रहण नहीं करूंगा चाहे मेरे प्राण ही क्यों ना चले जाए।

"**बाबा गोपाल दास**"
चकदेही घाट ग्राम घुंडी सरई जनपद पंचायत शहपुरा

# विशेष नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला झगर हटा में हुआ विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**शहपुरा।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डिण्डौरी के मार्गदर्शन में विशेष नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला झगरहटा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में दिलीप पाटिल व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड शहपुरा द्वारा उपस्थित विद्यार्थीगणों एवं ग्रामीणजनों को अभियान के विषय में संबोधित करते हुए बताया कि आज का युवा पीढी विभिन्न प्रकार के नशे में लिप्त है। नशा वह बुराई है जिससे व्यक्ति के व्यवहार में परिवर्तन आ जाता है। नशे के प्रभाव से व्यक्ति को अनेक पारिवारिक एवं सामाजिक समस्याओं को सामना करना पड़ता है। नशा मुक्ति किसी भी व्यक्ति के व्यक्तिगत जीवन के साथ-साथ समाज के विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है। नशा मुक्ति से समाज में गरीबी, अपराध व परिवारों को टूटने से बचाया जा सकता है। इसके साथ ही प्राधिकरण द्वारा संचालित गतिविधियों के बारे में अवगत कराते हुए नेशनल लोक अदालत, मीडिएशन, महिलाओं से संबंधित कानून, विधिक सहायता एवं सलाह सहित जनसामान्य की कानूनी जानकारी प्रदान की गई। साथ ही दिनांक 10 मई 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई।कार्यक्रम में विद्यालय के प्रभारी / प्राचार्य, ग्राम पंचायत के सरपंच / सचिव सहित विद्यालय के छात्र-छात्रा एवं काफी संख्या में महिला एवं पुरूष उपस्थित रहे।

### नेशनल लोक अदालत के आयोजन के संबंध में हुआ प्री-सिटिंग

माननीय मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशों / निर्देशों के पालन में तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डिण्डौरी के मार्गदर्शन में व्यवहार न्यायालय परिसर शहपुरा में दिनाक 10 मई 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में प्रकरणों के निराकरण एवं आवश्यक तैयारी को लेकर व्यवहार न्यायालय परिसर शहपुरा के अधिवक्ता कक्ष में समस्त अधिवक्ताओं के मध्य प्री-सिटिंग / बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में दिलीप पाटिल व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड शहपुरा द्वारा अधिवक्तागणों को संबोधित करते हुए बताया गया कि न्यायालय द्वारा चिन्हित प्रकरणों में पक्षकारों को सूचना पत्र जारी किया गया है। यदि समय रहते किसी पक्षकार को सूचना पत्र नहीं मिला है या अन्य जो नेशनल लोक अदालत के माध्यम आपसी सुलह एवं समझौते के आधार पर अपने प्रकरण का निराकरण चाहते है तो दिनांक 10 मई 2025 को नेशनल लोक अदालत की संबंधित खण्डपीठ के समक्ष उपस्थित होकर अपने प्रकरणों का निराकरण आपसी सुलह एवं समझौते के आधार पर करा सकते हैं। साथ ही विद्युत/बैंकों के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में छूट के संबंध में जानकारी दी गई।

# स्टोन क्रेशर में नाबालिग की दर्दनाक मौतः मजदूरी करते समय हुआ हादसा, पुलिस जांच में जुटी



**डिंडौरी न्यूज** । शनिवार को सिटी कोतवाली क्षेत्र के लुकामपुर गांव स्थित भवानी स्टोन क्रेशर में एक दर्दनाक हादसे में नाबालिग मजदूर की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, मजदूरी के दौरान पत्थर पट्टे में फंसने से उसकी जान चली गई। क्रेशर मालिक ने तत्काल पुलिस को घटना की सूचना दी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई है।परिजनों ने बताया कि मृतक लकी पढ़ाई छोड़ चुका था और पिछले कई महीनों से भवानी स्टोन क्रेशर में मजदूरी कर रहा था। उसे रोजाना ढाई सौ रुपए मजदूरी दी जाती थी। शनिवार को वह केशर मशीन में पत्थर भरने का काम कर रहा था, तभी यह हादसा हो गया। घटना की खबर मिलते ही लकी की मां लता बाई का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। उन्होंने बताया कि लकी उनकी इकलौती संतान था और परिवार का एकमात्र सहारा भी।सिटी कोतवाली निरीक्षक दुर्गा प्रसाद नगपुरे ने बताया कि सुबह करीब दस बजे घटना की जानकारी मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। क्रेशर मालिक से पूछताछ की जा रही है और सभी तथ्यों के आधार पर उचित कार्यवाही की जाएगी।

# 30 अप्रैल अक्षय तृतीया को आशीर्वाद गार्डन में होगा सामूहिक उपनयन संस्कार

**अनूपपुर।** आगामी 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर अनूपपुर में बटुकों के सामूहिक उप नयन संस्कार का आयोजन वार्ड क्रमांक 13, अमरकंटक चौक के पास आशीर्वाद मैरिज गार्डन में किया जाएगा। परमहंस आश्रम अमरकंटक के संत स्वामी श्री लवलीन महाराज इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। ब्राम्हण समाज सेवा समिति अनूपपुर के अध्यक्ष राम प्रकाश द्विवेदी और महामंत्री एडवोकेट अनिल तिवारी ने संयुक्त रुप से जानकारी देते हुए बताया कि ब्राह्मण समाज सेवा समिति अनूपपुर के गणमान्य पदाधिकारियो एवं सदस्यों द्वारा समाज कल्याण के लिये आगामी 30 अप्रैल को भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवं उपनयन संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके मुख्य अतिथि स्वामी श्री लवलीन महाराज, परम हंस आश्रम शाखा अमरकंटक, अध्यक्षता जगत गुरु महाराज श्री दंडी महाराज जी हनुमान जी धाम खाम्हीडोल द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम आशीर्वाद मैरिज गार्डन अमरकंटक चौक बस्ती रोड अनूपपुर में प्रातः 7 बजे से प्रारम्भ कर दिया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपनयन संस्कार की संपूर्ण तैयारी कर ली गई है।

# आग के लौ से दहक रहे मैकलांचल के सुंदर जंगल



## अमरकंटक वन परिक्षेत्र में आग से जलकर खाक हो रही मैकल की सुंदर वादियां

**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश का हिल स्टेशन कहा जाने वाला, मां नर्मदा की उद्गम स्थली अमरकंटक अपने शीतलता और सुरम्य वातावरण के लिए जाना जाता रहा है किंतु वर्तमान में अमरकंटक का तापमान औसत से कई गुना अधिक हो चुका है। अंधाधुंध कंक्रीट निर्माण और जंगलों का आज इसका प्रमुख कारण है। इन दिनों अमरकंटक के जंगल आग से झुलस रहे हैं। इस वर्ष फरवरी माह से ही आग जानी की घटनाएं आने लगी थी, तब से लेकर अब तक लगातार इस तरह की घटनाएं लगातार देखने को मिल रही हैं ।

### आग लगने के क्या है कारण

वनों में आग लगने के विभिन्न कारण होते हैं, यह क्षेत्र और स्थान के अनुसार भिन्न हो सकते हैं । अमरकंटक क्षेत्र में आग लगने के कुछ प्रमुख कारण इस प्रकार हैं, आग लगने का सबसे बड़ा कारण वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत मिलने वाले भूमि पट्टा की लालच में ग्रामीणों द्वारा आग लगा कर खेत बनाया जा सके, यह अधिनियम वनों में पीढ़ियों से निवासरत जनजाति समूहों को व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्तर पर वन अधिकार पट्टा देने का प्रावधान है किंतु सरकार और राजनीतिक पार्टियों द्वारा इसे चुनावी एजेंडा बनाकर ग्रामीणों में लालच को बढ़ा दिया है । इसी लालच के परिणाम स्वरूप वन भूमि को कब्जा करने हेतु सफाई करने के उद्देश्य वनों की तराई में आग लगाया जाता है जो पूरे जंगल को जलाकर राख कर दे रहा है, दूसरा कारण मशरूम (पिहरी/पुटु) से संबंधित है, ग्रामीणों का मानना है कि आग लगने से अत्यधिक पिहरी/ मशरूम का उत्पादन होगा जबकि यह एक मिथक है। आग लगने का एक बड़ा कारण ग्रामीणों द्वारा पशुओं को चराने हेतु रास्ते के लिए लैंटाना को साफ करने के उद्देश्य से आग लगा दिया जाता है। आग लगने के अन्य कारण भी हैं जैसे महुआ बनने के उद्देश्य से, बड़ी सिगरेट पीकर फेक देने से, वन विभाग की कार्रवाई से नाराज ग्रामीणों द्वारा वन रक्षकों से बदला लेने के उद्देश्य से तथा शिकार करने के लिए पत्तों को साफ करने के उद्देश्य तथा जंगली जानवरों को मारने के उद्देश्य आग लगाई जाती है।

### आगजनी की घटनाओं में प्रशासन की भूमिका विचारणीय

जिला प्रशासन तथा वन विभाग को आगजनी की घटनाओं से निपटने हेतु हाई अलर्ट पर रहना चाहिए था, ऐसी परिस्थितियों में भी वन विभाग अपने पुराने रवैया से कार्य कर रहा है, जिसमें सामान्य दिनों के जैसे ही मानव संसाधन की कमी होने के साथ, ही संसाधनों की कमी आग में काबू पाने के लिए नाकाम साबित हो रही है। प्रशासन द्वारा प्रदत्त ब्लोअर मशीन आए दिन खराब हो रहे हैं, सीमित संख्या के मशीन हजारों हेक्टर के वन भूमि को संरक्षित करने के लिए पर्याप्त नहीं है, दमकल की गाड़ियां वनों तक पहुंचने में सक्षम नहीं है तथा समय पर उपलब्ध न होने के कारण सड़क के किनारे वाले जंगल भी नहीं बचा पा रहे हैं ।

### वनों को आग से बचाने में प्रनयुस का प्रयास

प्रणाम नर्मदा युवा संघ संस्था शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के विषय पर कर रहा है, संस्था द्वारा वनों को आग से बचाने के लिए गांव-गांव में सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं, साथ ही आग लगने की स्थिति पर युवाओं की टोली जंगलों में पहुंचकर आग बुझाने का भी कार्य करती है। वन परिक्षेत्र अमरकंटक के बिजोरी बीट में विगत दिन में लगे भयानक आग को काबू पाने के लिए युवा संघ के 35 सदस्यों की दल द्वारा रात 9 बजे से 1 तक आग बुझाने की कड़ी मशक्कत करके आग में काबू पाया गया।

## खबर संक्षेप

### भीषण गर्मी में घंटों बिजली गुल

**तेंदूखेड़ा ।** इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र में भीषण गर्मी के साथ साथ बादल छाए रहने से उमस भरी गर्मी से लोग परेशान हो रहे हैं। ऊपर से अघोषित बिजली कटौती से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त बना हुआ है। छोटे छोटे बच्चों को मच्छरों का दंश और गर्मी पीढ़ा दायक बनीं हुई है। उपभोक्ताओं का कहना है कि जब दिन दिन भर मेंटेनेंस के नाम पर बिजली बंद रखी जाती है तो फिर अब यह कटौती क्यों। उपभोक्ताओं में रोष बढ़ता चला जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों मंन विद्युत कटौती के चलते मवेशियों को पानी पिलाने एवं लोगों के निस्तार में बाधक बना हुआ है। बिजली कटौती के कारण पेयजल आपूर्ति भी ठप्प बनी रहती है।

### जूतों की माला पहनाकर विहिप ने किया पुतला दहन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा सुभाष पार्क चैराहे पर पत्रकार को फोन पर गाली गलौज करने व जातिगत अपमानित करने व मां के बारे गलत शब्द कहने पर विश्व हिन्दू परिषद द्वारा चैकसे हॉस्पिटल के संचालक हरभजन सिंह खनूजा का जूतों की माला पहनाकर पुतला दहन किया गया। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा मांग की गई कि हरभजन सिंह को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए और यदि प्रशासन द्वारा जल्द से जल्द गिरफ्तारी नहीं की जाती तो पूरे जिले में एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा और अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। जिसकी जवाबदारी प्रशासन की होगी।

### अनामिका उत्साही युवा साहित्यकार सम्मान से सम्मानित




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** नगर की प्रतिभावन बेटी कवयित्री अनामिका चैकसे को राष्ट्रीय साहित्यकार सम्मेलन में उत्साही युवा सम्मान से सम्मानित किया गया। संस्था साहित्य संगम द्वारा तिरोड़ी बालाघाट में 26 अप्रैल को आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में अनामिका को स्व. प्रतीक राज कनोजे स्मृति सम्मान उत्साही युवा साहित्यकार प्रदान किया गया। संस्था प्रमुख दिनेश देहाती जी के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम विगत कई वर्षों से आयोजित किया जाता रहा है जिसमें देश-विदेश के प्रतिभावान साहित्यकारों को चयनित कर सम्मानित किया जाता है। अनामिका श्रीमान श्याम सुन्दर चैकसे व श्रीमती दुर्गा चैकसे की सुपुत्री हैं।

### श्रीराम यज्ञ का समापन आज



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** श्री सिद्ध बाबा झरना पर चल रहे श्री महायज्ञ में जहां विविध कार्यक्रम हो रहे हैं। वही 19 अप्रैल से निरंतर चल रहे भंडारे एवं अन्य गतिविधियों, कार्यक्रमों में अनेक स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्राएं सुबह 9 से रात 10 बजे तक सेवाएं दे रहे हैं। बायपास रोड टट्टा पुल के समीप स्थित श्री सिद्ध बाबा झिरना परिसर में 19 अप्रैल से 21 कुण्डीय श्री राम महायज्ञ श्री रामकथा, श्री रामलीला एवं विराट संत सम्मेलन का समापन आज 27 अप्रैल को होगा। जिसमें सुबह 6.30 से दोपहर 12 तक यज्ञ पूजन पूर्ण आहुति, शाम 4 से 7 बजे तक श्री रामकथा एवं रात 7:30 बजे से रात 10:30 बजे तक श्री रासलीला होगी। यज्ञ आयोजन समिति ने सभी से आज अंतिम दिन 27 अप्रैल को यज्ञ में आकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## सीएम हेल्पलाइन में की शिकायत


# फर्जी तरीके से निकाली 5 लाख रुपये की राशि

### निर्माण कार्य के नाम पर निकाली राशि, नहीं कराया निर्माण

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** सरकार द्वारा ग्रामीणों की सुविधा के लिए अनेकों योजनाएं संचालित कर लोगों को बेहतर सेवाएं देने का प्रयास किया जा रहा है। वही प्रशासन में बैठे लापरवाह व गैर जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों के कारण शासन की योजनाओं को मट्टी पलीत किया जाता है। ऐसा ही मामला सामने आया जिसे लेकर ग्रामीण द्वारा सीएम हेल्पलाइन लगाकर शिकायत की गई जिसकी जांच एक माह में भी प्रशासन द्वारा नहीं की गई। वही कर्मचारियों द्वारा निर्माण कार्य के नाम पर राशि आहरण की ली गई और निर्माण कार्य नही कराया गया।

### मामला इस प्रकार

बीते माह ग्राम पंचायत बड़गुवां निवासी व्यक्ति द्वारा सीएम हेल्प लाइन लगाकर शिकायत की गई।



| | |
|---|---|
| शिकायत का क्षेत्र | जिला - नरसिंहपुर, क्षेत्र ब्लॉक - नरसिंहपुर |
| विभाग का नाम | पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग |
| उप-विभाग का नाम | पंचायती राज |
| शिकायत का प्रारूप | फर्जी तरीके से राशि का आहरण / गबन किये जाने संबंधी (पंचायती राज) |
| शिकायत का विवरण | शिकायतकर्ता- लखन सिंह लोधी जी द्वारा बताया गया है कि मेरे द्वारा कार्यालय बड़गुंवा में दिनांक 1 माह पहले को आवेदन दिया गया था ग्राम-बड़गुंवा, ग्राम पंचायत-बड़गुंवा, ब्लॉक-नरसिंहपुर, जिला-नरसिंहपुर में आवेदक का कहना है कि पंचायत बड़गुंवा में नाली का निर्माण नहीं कराया गया है नाली का रुपया सरपंच के द्वारा फर्जी राशि आहरण किया गया है 5 लाख 57 हजार का फर्जी राशि का आहरण किया गया है जिससे आवेदक को काफी समस्या हो रही है कृपया समस्या का जल्द से जल्द निराकरण किया जाए |
| निराकरण | |
| शिकायत की स्थिति | शिकायत निराकरण अधिकारी (एल1) से संपर्क कर शिकायत दे दी गयी है ,प्रगति विवरण अपेक्षित है |

शिकायत मे बताया गया कि ग्राम पंचायत मे पदेन सचिव व सरपंच द्वारा नाली निर्माण कार्य के लिए 5 लाख 57 हजार रूपए की राशि का आहरण किया गया। लेकिन नाली निर्माण नही कराया गया। सचिव सरपंच द्वारा नाली निर्माण के नाम पर राशि आहरण कर कार्य ना कराने पर व्यक्ति द्वारा शिकायत की गई। शिकायत के एक माह बीत जान के बाद भी प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नही की गई और ना ही शिकायतकर्ता को जबाव दिया गया।

### निर्माण कार्य के नाम पर आहरण

ग्राम पंचायत बड़गुवां के सरपंच सचिव द्वारा निर्माण कार्य के नाम पर राशि आहरण करने के बाद निर्माण कार्य को नही कराया गया। जबकि उक्त राशि का आहरण ही निर्माण कार्य के लिए किया गया था। राशि आहरण करने के बाद निर्माण कार्य ना कराने पर ग्राम के लखन पटेल द्वारा शिकायत की गई। जिस पर कोई ठोस कार्रवाई भी प्रशासन द्वारा एक माह बीत जाने के बाद भी नही की गई जो चिंता का विषय है। प्रशासन को चाहिए की मामले की शीघ्र जांच कर दोषियों पर ठोस कार्रवाई की जाए जिससे लोगों को विश्वास प्रशासन पर कायम रह सके।

ज्ञात हो कि जिले मे ऐसी अनेकों पंचायते है जिनके द्वारा राशि आहरण करने के बाद कई माह तक निर्माण कार्य को टाला जाता है।

### धरातल पर नही हुआ निर्माण कार्य

सरकार द्वारा ग्रामीणों की सुविधा के लिए योजनाएं संचालित कर ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के दावे किए जाते है लेकिन प्रशासन मे बैठे अधिकारी कर्मचारियों द्वारा सांठगांठ कर राशि का आहरण कर निर्माण कार्य नही कराया जाता है ऐसे मे ग्रमीणों को सरकार की मूल्यवान योजनाओं का लाभ नही मिल पाता है। उक्त मामले मे निर्माण कार्य नाम पर सरपंच सचिव द्वारा 5 लाख 57 हजार रूपये की राशि का आहरण कर लिया गया लेकिन निर्माण कार्य नही कराया गया जो नियम के विरूद्ध है। शिकायतकर्ता द्वारा प्रशासन से ठोस कार्रवाई की मांग की गई है।

## बरहटा स्कूल में सीड मनी मेला का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शासन के निर्देशानुसार प्राचार्य शैलेन्द्र बक्शी के मार्गदर्शन में शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा में उद्यमी एवं स्वरोजकर को प्रोत्साहित करने के लिए हुआ तेजस्वी मेले का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सरपंच सुरेंद्र पटेल, बृजभूषण बाजपाई एवं पत्रकार सुरेश गिरधोनिया उपस्थिति रहे। क्षेत्र के व्यवसायी ओम भारत गैस एजेंसी संचालक महेश स्वामी, धान मिल संचालक वृन्दावन पटेल एवं प्राइवेट स्कूल लॉर्ड शिव के संचालक बिहारी नामदेव ने स्वरोजगार स्थापित करने के गुण बताए। उल्लेखनीय है कि तेजस्वी कार्यक्रम के तहत छात्रों को विद्यालयीन समय से ही नवीन उद्योगों और स्वव्यवसाय की जानकारी प्रदान की जाती है। इसके लिए पृथक पाठ्यक्रम भी विकसित किया गया है। विद्यालयों में इस पाठ्यक्रम के आधार पर सप्ताह में तीन दिन 40-40 मिनिट की विशेष कक्षाएं संचालित की जा रही है। इसके साथ ही विभिन्न नवाचारी व्यवसायों पर आधारित अनुभव आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम और प्रोजेक्ट कार्य भी संचालित हों रहे है। जिससे शालेय विद्यार्थी स्व रोजगार और नये उद्यमों की स्थापना हेतु प्रेरित हो सकेंगे। विद्यालय में तेजस्वी के प्रभारियों सुनील कुमार दीक्षित एवं आशुतोष नामदेव ने इस मेले के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय में तेजस्वी कार्यक्रम के अंतर्गत 7 समूह बनाए गए थे जिनमें रानी लक्ष्मीबाई, रानी दुर्गावती, रानी अहिल्याबाई, महात्मा गांधी, सुभाषचंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद एवं भगत सिंह समूह थे। प्रत्येक समूह में 6 विद्यार्थी शामिल। सभी विद्यार्थियों ने अपने अपने ग्रुप से नवीन इंडियाज से स्वरोजगार के प्रयास उत्पन्न किए। लगभग 60 विद्यार्थियों ने इसमें भाग लिए और प्रत्येक विद्यार्थी को में शासन की तरफ से 2000 रुपए की सीड मनी डाली गई। हर एक समूह से इस मेले में स्टॉल लगाए गए और अपने अपने प्रोडक्ट को दर्शाया गया। इस राशि से विद्यार्थियों अपने इंडियाज को साकार कर सकेंगे और अपना उद्यम शुरू कर सकेंगे। विद्यालय के समस्त शिक्षकों का कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय योगदान रहा।

## डॉ राजपूत विश्वविद्यालय शिमला में विषय विशेषज्ञ मनोनीत



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** समीपी ग्राम सिंहपुर निवासी डॉ दिवाकर सिंह राजपूत को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के बोर्ड ऑफ स्टडीज में विषय विशेषज्ञ मनोनीत किया गया है। डॉ राजपूत ठा कैलाश सिंह राजपूत के पुत्र है एवं डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर मध्य प्रदेश में मानविकी एवं समाज विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता के पद पर पदस्थ है। उल्लेखनीय है कि प्रो. राजपूत भारतवर्ष के विभिन्न प्रदेशों की अनेक शैक्षणिक संस्थानों में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं प्रोफेसर राजपूत वर्तमान में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, उत्तराखण्ड आदि प्रदेशों के विभिन्न विश्वविद्यालयों में विभिन्न समितियों के सदस्य हैं साथ ही अनेक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय समितियों के सदस्य भी हैं।

## माछा नदी में बनाया 66 बोरी बंधान



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बहते जल को स्थिर करके उसे उपयोग में लाने का कार्य जिले में किया जा रहा है। जल संरक्षण व संवर्धन के लिए मप्र जन अभियान परिषद नरसिंहपुर की समितियों और ग्रामवासी एक साथ कार्य कर रहे हैं। इसी क्रम में मप्र जन अभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में विकासखंड नरसिंहपुर के ग्राम भंडारदेव के माछा नदी में 66 बोरी बंधान का बंधान किया गया। बोरी बंधान होने से भूमिगत जल में वृद्धि, ग्रीष्म ऋतु में पशु- पक्षियों व जीव- जंतुओं को पीने का पानी, आसपास के पेड़- पौधो में हरियाली, पानी के संग्रह से किसानो को सिंचाई के लिए जल की उपलब्धता और लोगों को गर्मी में जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इस कार्य में जिला समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद जयनारायण शर्मा, नवांकुर संस्था डोंगरगांव- अन्डिया के अध्यक्ष प्रकाश पटेल, सचिव मनीष रजक, सदस्य प्रेम सिंह पटेल, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति भण्डारदेव के अध्यक्ष अरविंद ठाकुर एवं समिति के सदस्य तथा चैराखेड़ा समिति के सचिव राम सिंह पटेल, अध्यक्ष कमलेश लोधी और ग्रामीणों ने अपना योगदान दिया।

## पहलगाम हमले पर शंकराचार्य ने की निंदा



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस शारदा पीठ के शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज द्वारा जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की। उन्होंने नरसिंहपुर जिले के झोतेश्वर आश्रम में हिंदू समाज से एकजुट होने का आह्वान किया। शंकराचार्य ने पत्रकारों से बातचीत में कहा-आतंकी धर्म का मुखौटा पहनकर हिंदू समाज को निशाना बना रहे हैं। उनका कहना है कि हिंदू समाज को दलगत राजनीति से ऊपर उठना होगा। देश की सेनाएं सक्षम हैं। लेकिन देश को भीतर से कमजोर करने की साजिशों के खिलाफ आम जनता को सजग रहना होगा। शंकराचार्य ने कहा कि हिंदू समाज को आतंकवाद और हिंसा के खिलाफ शांतिपूर्ण लेकिन कठोर तरीके से विरोध करना चाहिए। इससे विरोधियों को सामूहिक जवाब मिलेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सिर्फ सरकार और सेना पर निर्भर नहीं रहा जा सकता। जनता का सजग और संगठित हो की बात कही।

# बैंक में पर्याप्त स्टाफ ना होने से बैंक ग्राहक और किसान परेशान

### सेंट्रल बैंक कान्हीवाडा मैं स्टाफ की कमी के कारण बैंक के ग्राहक और किसानों को इस समय भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है



इसी परेशानी के कारण बैंक ग्राहक किसानों के द्वारा शाखा प्रबंधक को क्षेत्रीय शाखा प्रमुख के नाम ज्ञापन सोपा किसानों का कहना है कि यह समय कृषि कार्यों में लेनदेन का समय होता है इस समय लोग अपनी केसीसी रिन्यू कराने और उसे जमा करने के लिए बैंक पहुंचते हैं पर बैंक में स्टाफ की कमी के चलते उनका कार्य हो नहीं पता है एक ही कार्य के लिए उन्हें चार-पांच बार बैंक के चक्कर लगाने पड़ते हैं शाखा में ए.एफ.ओ. सप्ताह मे दो दिन अपनी सेवाएं देती हैं जिससे किसान क्रेडिट कार्ड जैसी महत्वपूर्ण योजना के क्रियान्वयन में परेशानी उत्पन्न हो रही है और शाखा में पर्याप्त रूप से कैस की उपलब्धता न हो पाना और पर्याप्त स्टाफ ना हो पाने के कारण बहुत सारे बैंकिंग कार्यों में परेशानी का सामना करना पड़ता है। चूंकि यह समय किसानों के फसल उपार्जन के भुगतान और शादी विवाह का चल रहा है जिसके चलते लोगों को कैस की जरूरत होती है पर पर्याप्त रूप से कैस उपलब्ध न हो पानी के कारण भी ग्राहकों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है । समस्त किसानों का सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया के रीजनल मैनेजर से सभी सुविधाओं में सुधार हेतु आज ज्ञापन सोपा गया। इस ज्ञापन में किसान राहुल ठाकुर, राजू ठाकुर, अनिल ठाकुर, रियाज खान, नवनीत साहू व्यापारी मयंक साहू , आशीष साहू और अन्य बैंक ग्राहक उपस्थित रहे।

## भजन संध्या एवं लोक गीतों का भव्य आयोजन आज



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** बुंदेली संस्कृति की पहचान समिति के तत्वावधान में भगवान परशुराम जी के प्राकट्योत्सव की पूर्व संध्या पर भजन संध्या एवं लोकगीतों का आयोजन किया गया है। रविवार 27 अप्रैल शाम 7 बजे से स्थानीय सुभाष पार्क चौक में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम की आयोजक एड. श्रीमती जया शर्मा ने बताया कि ख्यातिलब्ध बुंदेली लोक गायिका छतरपुर कविता शर्मा के द्वारा लोकगीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश शासन प्रहलाद पटेल



एवं राव उदय प्रताप सिंह होंगे वही कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक संजय शर्मा करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद दर्शन सिंह, पूर्व राज्य सभा सांसद कैलाश सोनी ,विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल, महेंद्र नागेश के अलावा पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंडित मैथिलीशरण तिवारी ,भाजपा जिला अध्यक्ष रामसनेही पाठक, पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल ,नगर पालिका नरसिंहपुर अध्यक्ष नीरज महाराज ,कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेंद्र राजपूत, सहित अनेकों गणमान्य जन मौजूद रहेंगे।

## दीवार गिरने से एक व्यक्ति की मौत

**हरिभूमि न्यूज -नरसिंहपुर।** गत दिवस दीवार गिरने से व्यक्ति की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मुन्ना लाल काछी पिता तेजराम काछी उम्र 46 वर्ष निवासी मोहद गांव की ही दुकान पर कुछ सामग्री लेने के लिए गया हुआ था तभी पास मे हो रहे निर्माण कार्य के दौरान दीवार गिर गई जिससे वह घायल हो गया जिसे परजिनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्साल लाया गया जहां पर डाक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग प्रकरण तैयार कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

## तेजस्वी कार्यक्रम के तहत 19 टीमों ने लगाई बिजनेस आइडिया की प्रदर्शनी

**तेंदूखेड़ा ।** स्कूल शिक्षा विभाग एवं उद्यम लर्निंग फाउंडेशन के सहयोग से चलाये जा रहे तेजस्वी कार्यक्रम के तहत जिसके अन्तर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूखेड़ा में 19 टीमों ने अपने बिजनेस आइडिया की प्रदर्शनी लगाई यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में उद्यमशीलता की मानसिकता इक्कीसवीं सदी के कौशल को विकसित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है ।इस कार्यक्रम में विभिन्न अतिथि उपस्थित हुए जिसमें विद्यार्थियों ने न केवल अपने कौशल का प्रदर्शन किया किस प्रकार एक छोटे से आइडिया को एक स्वरोजगार परक प्रोडक्ट के रूप में बदला जा सकता है। इस कौशल का भी प्रदर्शन किया।



बच्चों में आत्मविश्वास अवसरों को पहचानना उनका हल ढूंढना एक छोटे से विचार को स्वरोजगार के रूप में देखने की क्षमता को विकसित कर रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती किरण रावत रिटायर्ड शिक्षिका एस एल मरावी प्राचार्य शासकीय बालक उ मा वि तेंदूखेड़ा, संस्था प्राचार्य श्रीमती रश्मि शर्मा तेजस्वी शिक्षक प्रवेश किरार के के उइके प्रमोद लाडे संतोष जाटव समस्त स्टॉफ कन्या शाला तेंदूखेड़ा, समस्त स्टॉफ बालक शाला तेंदूखेड़ा एवं अभिभावकों की उपस्थित में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।